**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2872**
**उत्तर देने की तारीख 06 अगस्त, 2025**

**कल्याणकारी योजनाओं के साथ डिजिटल सेवा वितरण का एकीकरण**

**2872. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण लाभार्थियों की पहुंच को और सुगम बनाने के लिए अग्रणी कल्याणकारी योजनाओं के साथ मोबाइल आधारित प्लेटफार्मों और डिजिटल शिकायत निवारण प्रणालियों को एकीकृत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ओडिशा राज्य में मोबाइल ऐप, एसएमएस आधारित अलर्ट और इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम (आईवीआरएस) के उपयोग जैसी डिजिटल सेवा प्रदायगी पहलों को विशेषकर पेंशन, स्वास्थ्य हकदारियों और ग्रामीण रोजगार से संबंधित योजनाओं के लिए स्थानीय जरूरतों के अनुकूल बनाया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने मोबाइल साक्षरता में सुधार लाने, आधार से जुड़े लाभों में सिम आधारित अपवर्जन को कम करने और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच के लिए स्थानीय भाषा के मोबाइल इंटरफेस के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राज्य प्राधिकरणों या बलांगीर जिले में पंचायतों के साथ सहयोग किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और उसे सदन के पटल पर रखा जाएगा।

*****